>

Title: The Minister of State in the Ministry of Agriculture and Minister of State in the Ministry of Food Processing Industries laid a statement regarding status of implementation of the recommendations contained in the 34th Report of the Standing Committee on Agriculture on Demands for Grants (2012-13), pertaining to the Department of Agriculture and Cooperation, Ministry of Agriculture.

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. चरण दास महंत):** महोदया, मैं निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूँ -

कृषि संबंधी स्थायी समिति (15वीं लोक सभा) की चौंतीसवीं रिपोर्ट 30.04.2012 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई। यह रिपोर्ट वर्ष 2012-13 हेतु कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग की अनुदान मांगों की जांच से संबंधित है और इसमें 17 सिफारिशें हैं। ये सिफारिशें मुख्यतया निधियों के आबंटन और उपयोग, कृषि में निवेश, बारहवीं पंचवर्षीय योजना की मुख्य पहलों एनएफएसएम, विपणन अनुसंधान तथा सूचना तंत्, ग्रामीण भण्डारण योजना, भारत में नाशीजीव प्रबंधन का सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण, विस्तार सुधारों हेतु राज्य विस्तार कार्यक्रमों को समर्थन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन और गुणवत्तापूद बीजों के उत्पादन तथा वितरण के लिए अवसंरचना सुविधाओं का विकास एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित है। समिति की रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/प्रेक्षणों पर की गई कार्रवाई की विवरणी दिनांक 30.07.2012 को कृषि से संबंधित समिति को भेजी गई थी।

समिति की 17 सिफारिशों के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति का उल्लेख मेरे वक्तव्य के अनुबंध में किया गया है जिसे सभा पटल पर रखा गया है। मैं इस अनुबंध की विषय-वस्तु को पढ़ने में सदन का बहुमूल्य समय नहीं लेना चाहूंगा, इसे पढ़ा हुआ समझा जाए।

_